तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 17 जून 2026

16 सहकारिता मंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक...



16 शाला प्रवेशोत्सव में नए गणवेश व किताबें ...





# टेलिंग डैम के नीचे बसे 10 परिवारों के घरो पर चलाया गया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

बचेली क्षेत्र में रविवार को पुलिस बल और प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में बैलाडिला के टेलिंग डेम-1 के नीचे बसे 10 परिवारों के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई वन और नजूल भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने और आगामी मानसून में संभावित खतरे से सुरक्षा को ध्यान में रखकर की गई है। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर प्रभावित परिवारों, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध दर्ज कराया है।

प्रशासनिक अधिकारियों और विशेषज्ञों के अनुसार यह क्षेत्र तकनीकी दृष्टिकोण से संवेदनशील है। 2025 में भारी बारिश के दौरान इस टेलिंग डेम का एक हिस्सा धंसक गया था। जिसके बाद विशेषज्ञों और एनएमडीसी के इंजीनियरों की टीम ने पूरे क्षेत्र का सर्वे कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी थी।

सर्वे रिपोर्ट के आधार पर डेम के नीचे और आसपास रहने वाले परिवारों पर जान-माल का खतरा मंडरा रहा था। मानसून के आगमन से ठीक पहले किसी भी अप्रिय दुर्घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने इस क्षेत्र को खाली कराने का कदम उठाया है। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए डैम के नीचे बने एक तालाब को पहले ही पाट दिया गया था।

एसडीएम राजीव कुजूर ने कहा कि इन परिवारों को वन विभाग द्वारा 2017 से लगातार नोटिस दिए जा रहे थे और पिछले दो-तीन महीनों से क्षेत्र खाली करने के निर्देश जारी किए थे। कार्रवाई शुरू होते ही मौके पर मौजूद महिलाओं और प्रभावित परिवारों ने विरोध प्रदर्शन किया। वर्षों से रह रहे परिवारों ने सवाल उठाया कि यदि यह क्षेत्र इतना खतरनाक था, तो वे दशकों से यहां कैसे ⏭ शेष पेज 16 पर

## सुरक्षा की दलील और विस्थापन के सवालों के बीच हुई कार्रवाई

### सामान निकालने की मोहलत दी

विरोध के बाद प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए घरों से सुरक्षित सामान और छत की शीटें निकालने के लिए एक घंटे की अतिरिक्त मोहलत दी।पुनर्वास, मुआवजा और वैकल्पिक व्यवस्था। विस्थापन के बाद परिवारों के भविष्य और पुनर्वास को लेकर कई सवाल खड़े हुए हैं। प्रभावित परिवारों के रहने के लिए तात्कालिक रूप से आदिवासी भवन, मंगल भवन और सामुदायिक भवनों में व्यवस्था की गई है।



### स्थायी पक्के मकान

अधिकारियों के मुताबिक प्रभावित परिवारों को अक्टूबर 2026 तक एनएमडीसी के पुराने क्वार्टरों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने की योजना है। जिसके लिए एनएमडीसी प्रबंधन से चर्चा चल रही है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में प्रशासन के पास तुरंत देने के लिए कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। नियमानुसार मुआवजे और पक्के क्वार्टर की व्यवस्था पर काम हो रहा है। क्षेत्र को पूरी तरह खाली कराने के बाद, भविष्य में धंसकने या किसी अन्य संभावित खतरे को रोकने के लिए एनएमडीसी द्वारा टेलिंग डैम के समीप एक मजबूत रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) का निर्माण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कोटमसर, कैलाश गुफा समेत सभी गुफाएं हो जाएगी आज से बंद



**जगदलपुर।** वर्षा ऋतु के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निदेशक से प्राप्त जानकारी के अनुसार उद्यान अंतर्गत स्थित कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा तथा अन्य सभी गुफा स्थलों को 17 जून से 30 सितम्बर तक पर्यटन गतिविधियों के लिए बंद रखा जाएगा। उक्त अवधि के दौरान सभी गुफा स्थलों में पर्यटकों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वर्षा ऋतु में गुफाओं के भीतर जलभराव, फिसलन एवं अन्य संभावित जोखिमों को देखते हुए यह निर्णय पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। पर्यटकों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए निर्धारित अवधि में गुफा स्थलों की यात्रा न करने का अनुरोध किया गया है।

### स्कूल बसों की फिटनेस जांच होगी 19-20 को

**जगदलपुर।** जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा कॉलेज, आईटीआई एवं स्कूलों के बसों की जांच शिविर 19 एवं 20 जून को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। उक्त जांच शिविर में निरीक्षण के लिए प्रस्तुत बसों एवं अन्य वाहनों का एक सेट आवश्यक दस्तावेज मौके पर पेश करना अनिवार्य है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बस्तर संभाग ने सभी शैक्षणिक संस्थानों के संचालकों से उक्त जांच शिविर में बसों एवं अन्य वाहनों को निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करने आग्रह किया है। अन्यथा मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**जगदलपुर।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही मछलियों की वंश वृद्धि के मद्देनजर तथा उन्हें उचित संरक्षण देने के लिए राज्य शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान बस्तर जिले की समस्त नदियों, नालों, छोटी नदियों, सहायक नदियों तथा उन पर निर्मित बड़े व छोटे सिंचाई तालाबों और जलाशयों में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्ण रूप से निषिद्ध रहेगा। केवल उन छोटे तालाबों या अन्य जल स्रोतों को बाहर रखा गया है जिनका सीधा संबंध किसी भी नदी-नाले से नहीं है, साथ ही बड़े जलाशयों के भीतर किए जा रहे आधुनिक केज कल्चर की गतिविधियों को भी इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। उप संचालक मछली पालन विभाग मोहन राणा ने यह जानकारी दी है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती की गई शुरू

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत शहर के मदर टेरेसा वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के ⏭ शेष पेज 16 पर

## प्रवेश उत्सव के साथ नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शंखनाद

# स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगा कर और पुष्पवर्षा से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के शिक्षा जगत के लिए आज का दिन एक बड़े उत्सव का गवाह बना, जब जिले के समस्त 2324 विद्यालयों में एक साथ हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाते हुए नए शैक्षणिक सत्र का गरिमामय शुभारंभ किया गया। स्कूलों में पहले ही दिन का माहौल किसी त्योहार जैसा नजर आया, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पालकों ने उत्सुकता के साथ स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। नए सत्र की इस शुरुआत ने बच्चों के चेहरों पर तब और मुस्कान बिखेर दी, जब उन्हें शासन की ओर से निःशुल्क किताबें और गणवेश वितरित किए गए। प्रवेश उत्सव के बाद सभी विद्यालयों में अध्यापन कार्य भी शुरू कर दिया गया, जिससे पहले ही दिन से स्कूलों में पढ़ाई का माहौल तैयार हो गया।

- बस्तर के स्कूलों में गूंजा 'स्कूल चलें हम'



इस नए सत्र को लेकर जारी निर्देशों के तहत पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बस्तर के छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए अभी से एक विशेष कार्ययोजना बनाकर उसे धरातल पर उतारा जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार ⏭ शेष पेज 16 पर

### आज क्या सीखा इस पर अनूठा संवाद

स्कूल और परिवार के बीच के जुड़ाव को मजबूत करने के लिए आज क्या सीखा नामक एक अनूठा संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसमें अभिभावक रोज घर पर बच्चों से बातचीत कर स्कूल में हुई पढ़ाई की जानकारी लेंगे। होनहार ग्रामीण बच्चों के उच्च शिक्षा के सपनों को पंख देने के लिए इस बार प्रत्येक विकासखंड से परीक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता के लिए विशेष कोचिंग व मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### सुपर गर्ल्स के लिए प्रतियोगिता

बस्तर की बेटियों की रचनात्मक क्षमताओं को नया आसमान देने के लिए सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता का खाका खींचा गया है, जिसके माध्यम से गीत- बंद-संगीत, चित्रकारी और अन्य विविध विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित कर बालिकाओं की छिपी प्रतिभा को एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। निश्चित रूप से बस्तर में आज से शुरू हुआ यह नया शैक्षणिक सत्र न सिर्फ शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि यहां के नौनिहालों के भविष्य को भी एक नई और समृद्ध दिशा देगा।

## वेतन रोकने की कार्रवाई

# पहले ही दिन लापरवाही पर 19 शिक्षकों को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकासखंड बकावंड में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, प्रशासनिक कसावट लाने और नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत को यादगार बनाने के लिए अधिकारियों ने स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान सुदूर वनांचल क्षेत्रों में गरिमामय तरीके से प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए स्कूलों का औचक निरीक्षण भी किया गया।

- जेडी, डीईओ और बीईओ पहुंचे बकावंड ब्लाक के स्कूलों में
- स्वच्छता में भारी कमी दिखी कई स्कूलों में

प्रशासनिक टीम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्कूलों में पहुंचकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने बकावंड विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित और कोण्डागांव जिले की सीमा से लगे लावागांव मोहली के स्कूलों का दौरा किया। इस सुदूर वनांचल क्षेत्र के स्कूलों में आज तक कोई भी जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे थे। यहां संयुक्त प्रशासनिक टीम ने बच्चों के साथ प्रवेश ⏭ शेष पेज 16 पर

### 18 स्कूलों का औचक निरीक्षण

प्रवेश उत्सव के साथ-साथ स्कूलों की वास्तविक स्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया। प्रथम दिन जिला शिक्षा अधिकारी समेत विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव और खंड स्रोत समन्वयक सोन सिंह बघेल की संयुक्त टीम ने विकासखंड के 18 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई।

# नेतानार में युवाओं ने श्रमदान कर हटाई जहाज लाटा घास, रोपे जाएंगे उपयोगी पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सस्टेनेबल विलेज और सामुदायिक भागीदारी का एक उदाहरण पेश करते हुए ग्राम सभा नेतानार के बिजलीपारा में ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। निस्तार क्षेत्र और मरघट स्थल में आज सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति तथा स्थानीय युवाओं द्वारा संयुक्त रूप से विशेष श्रमदान अभियान चलाया गया, जिसके तहत क्षेत्र में तेजी से फैल रही आक्रामक खरपतवार क्रोमोलेना को पूरी तरह से साफ किया गया। इस सराहनीय ⏭ शेष पेज 16 पर

- पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक श्रमदान की अनोखी मिसाल



### अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रेरणा बना नेतानार

यह अभियान सिर्फ एक दिन की गतिविधि तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम सभा नेतानार ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया है कि सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा निस्तार क्षेत्रों के सुनियोजित विकास के लिए इस तरह के सामूहिक प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रखे जाएंगे। नेतानार के युवाओं का यह प्रयास आज के समय में अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है।



### जिले के सरपंचो ने घेरा एसपी दफ्तर

**जगदलपुर।** कथित पत्रकारों की वसूली से त्रस्त सरपंचों ने लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर मंगलवार को एसपी दफ्तर का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। सरपंच संघ ने 48 घटें का अल्टीमेटम देते हुए निर्धारत समय में कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने चेतावनी दी है। सरपंच संघ अध्यक्ष रैदू नाग ने बताया कि कथित पत्रकारों द्वारा जिले के अलग अलग पंचायतों के सरपंचों को फर्जी विज्ञापन बिल देकर 3 हजार से 10 हजार रूपए तक की मांग करते हुए धमकी दी जा रही है। इसकी शिकायत पांच दिन पूर्व भी पुलिस विभाग व एसपी शलभ कुमार सिन्हा से की गई थी लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोई कार्रवाई नहीं होने से कथित पत्रकारों अब सीधे सरपंचों को कॉल कर धमकी देने लगे हैं।

# अभिभावक बच्चों की नियमित पढ़ाई और उपस्थिति पर दें विशेष ध्यान : सुधाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय में 2 तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 6 नवप्रवेशी बच्चों को प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। नवप्रवेशी बच्चों एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों का विद्यालय में पहला कदम उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उनके जीवन को नई दिशा प्रदान कर सकती है। मुख्य अतिथि अनकारी सुधाकर ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति समर्पित होकर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ⏭ शेष पेज 16 पर

- शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत



## खाद-बीज की किल्लत और डीजल की कालाबाजारी को लेकर खोला मोर्चा

# भानपुरी में सड़क पर उतरी कांग्रेस, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खरीफ सीजन की बुवाई शुरू होते ही बस्तर क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सहकारी समितियों में खाद-बीज की भारी किल्लत और ग्रामीण इलाकों में डीजल-पेट्रोल की कथित कालाबाजारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस भानपुरी ने नेशनल हाईवे 30 पर मुख्य चौराहा भानपुरी में कांग्रेस और किसानों ने किया सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय नेताम के नेतृत्व में सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि यह किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बुवाई का समय है। ऐसे समय में सरकार को किसानों को राहत देनी चाहिए थी, लेकिन इसके उलट उनकी मुश्किलें बढ़ाई जा रही हैं। प्रदेशभर की सहकारी समितियों में डीएपी खाद का संकट गहराता जा रहा है। किसान सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।



ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मा पाढ़ी ने आरोप लगाते हुए कहा कि ब्लैक में बिक रही खाद, कालाबाजारियों को किसका संरक्षण एक तरफ जहां सरकारी सोसायटियों में खाद का एक कट्टा तक उपलब्ध नहीं है, वहीं दूसरी तरफ निजी दुकानों में भारी मात्रा में डीएपी मनमाने और ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद स्थानीय प्रशासन कालाबाजारी करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

***ये रहे मौजूदः-*** *इस दौरान प्रेमशंकर शुक्ला, श्याम दीवान, निलय कश्यप, लक्ष्मण कश्यप, जीतेन्द्र जैन , जीवन सेठिया, बबलू बघेल, लखेश्वर कश्यप, श्यामसुन्दर पाण्डे एवं किसान उपस्थित थे।*

### ईंधन की कीमतें आसमान छू रही

ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय नेताम ने कहा किसानों की जेब पर डाका डालने वाले इन मुनाफाखोरों को किसका संरक्षण प्राप्त है और महंगे ईंधन और ट्रैक्टर के लिए तरसते किसान खेतों की जुताई और बोनी के लिए ट्रैक्टरों को डीजल की सख्त जरूरत है। लेकिन एक तरफ ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त डीजल भी नहीं मिल रहा है। महंगे और किल्लत वाले ईंधन के कारण किसानों की खेती की लागत दोगुनी होती जा रही है।

### अन्यथा करेंगे उग्र आंदोलन

पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की और चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

### कांग्रेस और किसानों की प्रमुख मांगें

सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद और उन्नत बीज उपलब्ध कराए जाएं। खाद-बीज और डीजल की कालाबाजारी करने वाले निजी दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई हो। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए डीजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# सोशल मीडिया में दोस्ती कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सोशल मिडिया में दोस्ती कर प्यार के जाल में फंसाकर शहर के होटल में बुलाकर लगातार अनाचार करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने उतरप्रदेश से गिरफ्तार करने में कामयाब रही।

- शहर के होटल में अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की दे रहा था धमकी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर उत्तर प्रदेश आरोपी के पते पर रवाना किया गया था। सीएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर अपने प्यार के जाल में फंसाकर बलात्कार कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाले मऊ उत्तर प्रदेश निवासी युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश का रवि नाम का लड़का सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर अपने प्यार के जाल में फंसाकर जगदलपुर आकर मिलने के लिए एक होटल ⏭ शेष पेज 16 पर



# सहकारिता मंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नई शाखा का किया लोकार्पण

## किसानों, महिला समूहों और ग्रामीण हितग्राहियों को अब मिलेगी बैंकिंग एवं कृषि ऋण की बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर जिले को सहकारिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सौगात देते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा भवन का लोकार्पण किया। लगभग 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस आधुनिक भवन के प्रारंभ होने से जिले के किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यमियों एवं आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ और अधिक सुगमता से प्राप्त होगा।

लोकार्पण समारोह में मंत्री केदार कश्यप ने अनावरण कर भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार सहकारिता को मजबूत कर ग्रामीण क्षेत्रों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नवीन शाखा के प्रारंभ होने से किसानों को कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन एवं स्वरोजगार संबंधी ऋण योजनाओं का लाभ अधिक सरलता और पारदर्शिता के साथ मिलेगा। अब ग्रामीणों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। मंत्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बैंक परिसर में नोडल कार्यालय भवन, बैठक हॉल में शेड निर्माण एवं शौचालय निर्माण की घोषणा भी की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य, कलेक्टर नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान एवं नागरिक उपस्थित थे।



### किसानों को क्रेडिट कार्ड व बीज का वितरण

इस अवसर पर 15 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप तथा उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भी संबोधित किया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नवीन शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक बैंकिंग व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं, जिनमें डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, सुव्यवस्थित काउंटर एवं पारदर्शी लेन-देन प्रणाली शामिल है। इससे ग्राहकों को तेज, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी।

## खबर संक्षेप

### धनोरा थाना क्षेत्र के ग्राम चेरबेड़ा में लगायी चौपाल



**धनोरा।** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशकाल अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में ग्राम चेरबेड़ा में 16 जून को पुलिस विभाग द्वारा सहयोग चौपाल लगायी गयी। ग्राम चेरबेड़ा में ईसाई धर्म मानने वालों एवं ग्रामीणों के बीच चर्च में प्रार्थना करने बाहर गांव से आते थे जिसे गांव वाले द्वारा मना किया गया। जिसे ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों के द्वारा गांव के लोगों की बात को मानते हुए अपने अपने गांव में प्रार्थना करना एवं दूसरे गांव के कोई प्रार्थना करने नहीं आएंगे। बताया गया है इस प्रकार सहयोग चौपाल के माध्यम से दोनों के बीच मध्यस्थता हुआ । वहाँ उपस्थित सभी ग्रामीणजनों को यातायात नियमों, सायबर सुरक्षा, पाक्सो कानून, डॉयल 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सहयोग चौपाल में सहायक उप निरीक्षक गोपाल ठाकुर, प्र.आर. नेम सिंह मरकाम, आर. अस्सी लाल, संदीप कुमार, सुकलाल नेताम उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला जोनदरापदर में हुआ नए सत्र का शुभारंभ

# शाला प्रवेशोत्सव में नए गणवेश व किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राथमिक शाला जोनदरापदर में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्प एवं मिठाई देकर आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय पहुंचे नए विद्यार्थियों का चंदन, अबीर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को नई पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए, जिन्हें पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी तथा उनके सवांगीण विकास के लिए संचालित गतिविधियों से अवगत कराया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों ने सहभागिता की।



### शिक्षा से जोड़ने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पालकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों ने अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शाला प्रवेशोत्सव के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

## बच्चों को पहले दिन स्कूलों में तिलक मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया





**केशकाल।** प्राथमिक विद्यालय सुरडोंगर एवं हर्रापड़ाव के प्राथमिक माध्यमिक शाला ब्लॉक कॉलोनी स्कूल में लगभग एक महीने की गर्मी की छुट्टियों के बाद लौटे बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने छात्रों के माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल का माहौल उत्साह और उमंग से भरा रहा। शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने स्वयं गेट पर खड़े होकर बच्चों का स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय सुरडोंगर में दीपिका सिंघालिया, रेहाना कुरैशी,सरिका साहू ने प्रत्येक बच्चे के माथे पर रोली-चावल का टीका लगाया। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल आओ, मन लगाकर पढ़ो/" की शपथ दिलाई। दीपिका सिंघालिया ने कहा कि लंबे अवकाश के बाद बच्चों का हौसला बढ़ाना आवश्यक है, और वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राथमिक स्कूल हर्रापड़ाव में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहाँ पर प्रधान अध्यापक सुमित्रा ओट्टी, शिक्षक ललिता नाविक, नाजिया खान, हरीश कुमार यादव, सहायक शिक्षक विद्या मंडावी, आलोक साहू द्वारा तिलक लगाने के बाद बच्चों को उनकी कक्षाओं में भेजा गया। लंबे अवकाश के बाद अपने दोस्तों और शिक्षकों से मिलकर बच्चे बेहद खुश थे। स्कूलों को रंगोली, गुब्बारों और के पोस्टरों से सजाया गया था। गांव के संभ्रांत लोग भी इस स्वागत समारोह में शामिल हुए और बच्चों को आशीर्वाद दिया। सभी शिक्षकों ने इस सत्र में 100% उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। बच्चों ने भी प्रतिदिन समय पर स्कूल आने का वादा किया।

# कलेक्टर से मोबाइल नेटवर्क नलकूप खनन,आवास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय–सीमा बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पेयजल, आवास, शिक्षा और संचार सुविधाओं से जुड़ी मांगें रखीं। जनदर्शन में ग्राम तातरी निवासी मेघनाथ पोयाम ने गांव में मोबाइल नेटवर्क की समस्या दूर करने, नलकूप हैंडपंप स्थापित करने तथा प्राथमिक शाला में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग रखी। वहीं ग्राम धनपुर मंजीपारा के पारे मरकाम ने पेयजल सुविधा के लिए नए हैंडपंप खनन का आवेदन दिया। ग्राम खचगांव निवासी कमला कार्रोम ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया, जबकि कोंडागांव के महात्मा गांधी वार्ड निवासी यूनुस खान ने अपने प्रधानमंत्री आवास की अंतिम किस्त जारी कराने की मांग की। ग्राम लंजोड़ा निवासी सहिदा ने श्रमिक कार्ड के नवीनीकरण में हुई देरी के कारण रुकी प्रसूति सहायता राशि दिलाने की मांग की। वहीं डोंगरीपारा वार्ड निवासी कचरी बाई ने नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत कुम्हारबड़गांव के ग्रामीणों ने शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने का अनुरोध किया। इसके अलावा कई ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विकास, पेयजल, शिक्षा और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े आवेदन कलेक्टर को सौंपे। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों और मांगों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

# सर्वे अभियान शुरू, 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों की होगी पहचान

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कोंडागांव जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों की पहचान के लिए विशेष सर्वे अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे वयस्कों को शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के साथ–साथ डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी, व्यावसायिक कौशल तथा अन्य आवश्यक जीवनोपयोगी विषयों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने दिए व्यापक सर्वे और जनजागरूकता के निर्देश – कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि असाक्षर व्यक्तियों की पहचान कर उनका सर्वे एवं पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर और घर–घर संपर्क अभियान के माध्यम से कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करने पर जोर दिया गया है।



अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा कर्मियों, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य विभागों के सहयोग से असाक्षरों की पहचान का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सर्वे के माध्यम से चिन्हित सभी पात्र असाक्षर नागरिकों की सितंबर 2026 में आयोजित होने वाली महापरीक्षा में शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें साक्षर बनाकर आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनाया जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोंडागांव का कोई भी 15 वर्ष से अधिक आयु का नागरिक शिक्षा से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य के साथ पूरे जिले में अभियान चलाकर सभी असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

# 70 लोगों को मिला साप्ताहिक बाजार में योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

जरुरतमंद व गरीब तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने राज्य सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की गई है। नगर में मंगलवार के साप्ताहिक बाजार मे मोबाइल मेडिकल यूनिट बस संचालित किया गया । लोगों के द्वार तक पहुंचने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट वाली बसें स्वयं में एक अस्पताल है। जिसमें मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं व निःशुल्क दवा उपलब्ध है।

इस सेवा का 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व 10 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया, वहीं सभी जांच कराने वाले मरीजों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी कर रही है, जिसके लिए आमजनों को स्वास्थ्य की जांच हेतु घर पहुंच सेवा मोबाईल मेडिकल युनिट बस की शुरूआत की गई है।



### 42 प्रकार की स्वास्थ्य जांच

जिसमें 42 प्रकार के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जिसमें मुख्य रूप से सी.पी.सी. मशीन से जांच, एल.एफ.टी., थायराइड, विटामिन बी-12, विटामिन डी-03, यूरिक एसिड जैसे अन्य कई प्रकार के जांच कर लोगों का घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार के द्वारा दिया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान इस मोनिका क्रिसनन, नीलम पाण्डेय, प्रियंका शोरी, देवेंद्र मरकाम, खिलेश नेताम एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम बरकई में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, हरिचंद नाग पिता महार सिंह नाग, निवासी बेलभाटा (बड़ेडोंगर) बाइक से फरसगांव की ओर रहे थे। इसी दौरान बरकई के पास ट्रक क्रमांक सीजी 24 टी 9811 की चपेट में आने से वे घायल हो गए। दुर्घटना में उनके चेहरे, हाथ और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस वाहन मौके पर पहुंचा और घायल शिक्षक को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर कर दिया। बताया गया है कि घायल हरिचंद नाग माकड़ी बीईओ कार्यालय में पदस्थ शिक्षक हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर फरसगांव पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक क्रमांक सीजी 24 टी 9811 को चालक सहित अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### टेलिंग डैम के नीचे ...

रह रहे थे। उनका यह भी आरोप था कि प्रशासन ने पहले यहां सीसी सड़क और पानी की पाइपलाइन बिछाने पर सरकारी राशि क्यों खर्च की। पीड़ितों का यह भी कहना था कि अन्य जगहों पर अवैध कब्जों पर ऐसी त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती है।

**गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाः** विस्थापित परिवारों में तीन महिलाएं गर्भवती हैं, जिन्हें संवेदनशीलता बरतते हुए अपोलो हॉस्पिटल परिसर में ठहराया गया है। प्रशासन ने जानकारी दी है कि प्रभावित परिवारों को पात्रता और मूल्यांकन के आधार पर कुल 35 लाख रुपये की सहायता राशि, मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत किसी परिवार को डेढ़ लाख, किसी को तीन लाख तो कुछ को सात लाख रुपये तक की सहायता मिलने की संभावना है। काठमांडू बस्ती जैसे अन्य प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का भी परीक्षण कर आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू ने संभाली। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सहित तहसीलदार महेश कश्यप, डीएसपी गोविंद दीवान, अविनाश ठाकुर, बचेली, किरंदुल व भांसी थानों की पुलिस टीमें, डीआरजी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पी.टी.एम. कृष्णा राव, राजस्व अमला और एनआईटी की तकनीकी टीम मुस्तैद रही।

### स्कूल पहुंचे बच्चों...

लाने के उद्देश्य से इस बार शाला प्रबंधन समिति और पालक-बालक सम्मेलनों को और अधिक सक्रिय किया जाएगा, ताकि बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी और संवाद को निरंतर बनाए रखा जा सके। बस्तर के बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस सत्र में कई अनूठी पहलें शुरू की जा रही हैं। बच्चों के भीतर से मंच का डर और झिझक मिटाकर उनकी अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करने के लिए बोलेगा बचपन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसके तहत अब प्रतिदिन प्रार्थना सभा के समय छात्र-छात्राएं स्वयं मंच पर आकर समाचार और सुविचार प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही, बच्चों में घर पर भी पढ़ाई का अनुशासित माहौल बना रहे, इसके लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत प्रत्येक बच्चे के घर में एक समर्पित पढ़ाई का कोना तैयार किया जाएगा, जहाँ बैठकर वे एकाग्रता के साथ स्वाध्याय कर सकेंगे।

## पेज 15 के शेष

### पहले ही दिन...

उत्सव मनाया और उनका उत्साहवर्धन किया। बोरीगुम्मा हाई स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और संकुल के शिक्षक उपस्थित थे।

**जेडी शिक्षा भी पहुंचे शालाओं में:** इसी तारतम्य में संयुक्त संचालक शिक्षा एच. आर. सोम ने भी मोर्चा संभालते हुए नलपावंड, तारापुर और उलनार सहित अन्य स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। ट्रांसफर सर्टिफिकेट वितरण में देरी और अन्य गंभीर लापरवाहियां मिली। निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही सामने आईं।

**ट्रांसफर सर्टिफिकेट वितरण में लापरवाही:** संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में यह गंभीर मामला प्रकाश में आया कि कई स्कूलों द्वारा अपनी उच्च शालाओं के छात्र-छात्राओं को आज पर्यंत तक ट्रांसफर सर्टिफिकेट प्रदान नहीं किया गया है, जिससे बच्चों को आगे की पढ़ाई में असुविधा हो रही है। वहीं स्कूलों में स्वच्छता को लेकर भारी उदासीनता देखी गई। विशेष रूप से टेम्पल कुमार हाई स्कूल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया।

**अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना:** विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बैठकों में कड़े निर्देश दिए थे बावजूद शिक्षकों, प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों द्वारा कार्य में अत्यधिक लापरवाही बरती गई। इसलिए 19 शिक्षकों व प्राचार्यों पर कार्यवाही करते वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले 19 स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों और संकुल समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**वेतन रोकने की कार्रवाई:** जिला शिक्षा अधिकारी ने टेम्पल कुमार हाई स्कूल के प्राचार्य एवं डिमरापाल प्राइमरी व मिडिल स्कूल के हेडमास्टर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी को इन सभी लापरवाह प्रभारियों का वेतन रोकने संबंधी कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### नेतानार में युवाओं ने...

अभियान में पारा के युवाओं और ग्राम सभा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। ग्रामसभा सदस्य सोनू नाग ने आगामी योजनाओं को साझा करते हुए बताया कि क्रोमोलेना घास हटाए जाने के बाद जो भूमि खाली हुई है, उसका उपयोग बेहद योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा और इस क्षेत्र में जल्द ही बांस, कटहल, जपरा लाल सिंदूर और अन्य कई उपयोगी व फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल क्षेत्र का हरित आवरण बढ़ेगा और जैव विविधता का संरक्षण होगा, बल्कि आने वाले समय में ग्रामवासियों को विभिन्न महत्वपूर्ण वन उपजों का प्रत्यक्ष लाभ भी मिल सकेगा। इस सामूहिक प्रयास को सफल बनाने के लिए गांव के युवा और बुजुर्ग एक साथ मैदान में उतरे, जिसमें मुख्य रूप से सहदेव, कमल, सोनू, मोतीराम, बलदेव, जयदेव, जलदेव, सोनसाय, जुलपू, कोया, समलू, रामसाय, देवनाथ, जयसिंह, जानिक, सीताराम, फुलसिंह, पतीराम, धनीराम, सुंदरू, दिपेश, मंगलसाय, मोती, सुखराम, पंकज और तुलाराम सहित बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाया।

### अभिभावक बच्चों की...

कामना करते हुए कहा कि शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए संचालित सभी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की नियमित पढ़ाई और विद्यालय उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने की अपील की। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि संस्था का लक्ष्य केवल बच्चों को शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि उन्हें उत्कृष्ट परिणामों के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा, खेल एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं राज्य स्तर पर संस्था का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की टीम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी, साई चेट्टी, के. श्रीनिवास, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मरे सहित गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं अन्य उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता...

1 रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून को शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

### सोशल मीडिया में...

के रूम में बात करने के बहाने लेजाकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। आरोपी द्वारा वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार बलात्कार किया गया। प्रार्थिया द्वारा मिलने से मना करने पर उसे उसके बनाए हुए अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 64.2 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**गिरफ्तारी से बचने पुलिस को दे रहा था चकमा:** आरोपी को गिरफ्तार करने टीम जब उत्तरप्रदेश आरोपी के पते पर पहुंची तब पता लगा कि आरोपी पुलिस को चकमा देने घटना समय से घर पर ना रहकर बाहर से आना जाना करता था जहां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर लगाकर काफी मुश्किलों के बाद टीम द्वारा आरोपी रवि कुमार राजभर 19 वर्ष 4 माह निवासी नसीराबाद कला तहसील सदर मउ, थाना हलधरपुर उतरप्रदेश को हिरासत लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी अपने मोबाइल में प्राथीर्या का अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर रखना बताते हुए मोबाइल को पेश किया जिसे जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से आरोपी को मऊ से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड में जगदलपुर लाकर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई सतीश यादव, मीना यादव, आरक्षक उज्जवल सिंह, रंगलाल खरे, त्रिनाथ कश्यप, केशव चंद्रा, बलराम, राजू बघेल व रीना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बीजापुर जिला संवाद 2026: सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर कितनी कारगर रही योजनाएं हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

केंद्र व प्रदेश की सरकार ने संयुक्त रूप से बीजापुर की तस्वीर बदलने का मन बना लिया है। जल्द ही जिलेवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मिलने लगेगी। लंबे समय तक नक्सल दंश से जूझने के बाद अब जाकर बीजापुर के निवासियों ने चैन की सांस ली है। ये हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह के दूरगामी सोच का ही परिणाम है। बीजापुर जिले में सड़क, शिक्षा, उद्योग एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए योजना तैयार कर ली गई है जल्द ही इसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलना शुरू हो जाएगा। बीजापुर में हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में बस्तर लोकसभा के सांसद महेश कश्यप ने यह बात कही। उन्होंने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के एक सवाल के जवाब में कहा कि बीजापुर में विगत दो कार्यकाल से कांग्रेस का विधायक है क्योंकि हमें यहां के भीतरी क्षेत्रों की जनता तक अपनी बात रखने का अवसर ही नहीं मिलता था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई है। अगले चुनाव में शेष छत्तीसगढ़ की तरह बीजापुर विधानसभा में भी भाजपा का ही विधायक होगा।

जिला संवाद के प्रथम सत्र में स्थानीय व्यापारियों ने सरकार से अपनी अपेक्षाएं रखी। व्यापारी संजय लुंकड़, गौतम राव, संतोष गुप्ता एवं पी.राकेश ने स्वीकार किया कि विगत ढाई वर्षों से जिले में बहुत कुछ बदला है। वहीं प्रशासनिक सत्र में कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे एवं वनमंडलाधिकारी श्री जाधव तथा आईटीआर के संदीप बलगा ने जिले के विकास को लेकर अपनी-अपनी योजनाएं बताई। भाजपा की ओर से घासीराम नाग, जानकी कोरसा व गीता सोम पुजारी एवं कांग्रेस की ओर से नीना रावतिया उद्दे व लालू राठौर ने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जबाव दिया। स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी ने राज्य सरकार पर जिले के विकास में पक्षपात का आरोप लगाया।


प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से सीधे सवाल करते प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।


जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने बीजापुर के विकास पर रखा अपना विजन।


जिला संवाद के एक विशेष सत्र में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विक्रम मंडावी।


2 वर्ष में जिले में सरकार की योजनाओं की समीक्षा करते पक्ष व विपक्ष के नेता।


मंच से व्यापारियों ने बीजापुर के वर्तमान हालात एवं सरकार से अपनी अपेक्षा रखी।


14 हजार लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले राजू गांधी का हुआ सम्मान।


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले त्रिलेश उद्दे।


14 बार नेशनल एवं 1 बार अंतराष्ट्रीय स्पर्धा में रेणुका तेलम की उपलब्धि का सम्मान।


राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खेलों के लिए प्रतिभा तराशने वाले कोच सोपान करनेवार।


संवेदनशील क्षेत्र में मरीजों की नि:स्वार्थ सेवा करने वाले डॉ. बीआर पुजारी।


जिला संवाद के मुख्य अतिथि केदार कश्यप को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधान संपादक।


बीजापुर आईएनएच ब्यूरो प्रमुख गणेश मिश्रा एवं बस्तर मार्केटिंग हेड समीर सेन के द्वारा मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर किया गया अभिनंदन।


जिला संवाद में अपनी उपलब्धियों के कारण सम्मान प्राप्त करने वाले अतिथि।


जिला संवाद के दौरान शारदा सिनेमा हॉल में लंबे समय तक बैठे रहे जिलेवासी।

# आध्यात्मिक कार्यों और सामाजिक समर्पण का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला मुख्यालय में 14 जून को हरिभूमि- आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में कई विभूतियों का सम्मान किया गया। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, मंत्री केदार कश्यप व सांसद महेश कश्यप सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समाज सेवा के क्षेत्र में कोंटा के पी विजय का सम्मान किया गया।

- प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, मंत्री केदार कश्यप व सांसद महेश कश्यप ने किया सम्मान

## हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद में कोंटा के पी विजय हुए सम्मानित




सुकमा जिले के कोंटा अंचल में यदि जनसेवा, सामाजिक समर्पण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रहित के कार्यों की चर्चा होती है, तो पी. विजय नायडू का नाम विशेष सम्मान और आदर के साथ लिया जाता है। वे उन विरले व्यक्तित्वों में से हैं जिन्होंने अपने जीवन को समाज, संस्कृति, राष्ट्र और मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया है। उनका जीवन संघर्ष, सेवा, नेतृत्व और समर्पण की एक प्रेरणादायी गाथा है।

### तीन बार हुआ प्राण घातक हमला पर डिगे नहीं

कोंटा क्षेत्र के सामाजिक जीवन में पी. विजय नायडू की सक्रियता कई दशकों से दिखाई देती है। उन्होंने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की पीड़ा को समझने और उसके समाधान के लिए कार्य करने का प्रयास किया है। वर्ष 2006 एवं 2016 में शबरी नदी में आई भीषण बाढ़ के दौरान उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अनेक प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2006 में सलवा जुडूम आंदोलन के दौरान नक्सलवाद के विरुद्ध जनजागरण और जनसंगठन के प्रयासों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहते हुए उन्होंने सदैव शांति, विकास और राष्ट्रहित के पक्ष में अपनी मुखर भूमिका निभाई। 30 वर्षों से नक्सलवाद का अंत के लिए तीन बार प्राण घातक हमले के बाद वर्ष 2026 में उनका सपना साकार हुआ और आज सम्पूर्ण बस्तर नक्सल हिंसा से मुक्त हुआ।

### 190 जोड़ों के विवाह में निभाई थी सक्रिय भूमिका

मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण उनके कार्यों में वर्ष 2007 का सामूहिक विवाह कार्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस आयोजन में परियोजना संयोजक के रूप में उन्होंने 190 जोड़ों के विवाह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्य सामाजिक समरसता, सहयोग और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया।

### कोविड में बने देवदूत

कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में जब लाखों लोग भोजन और रोजगार के संकट से जूझ रहे थे, तब नायडू ने मानवता की सेवा को अपना सर्वोच्च धर्म मानते हुए श्रीश्रीश्री माणिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से लगातार 75 दिनों तक हजारों जरूरतमंद लोगों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था कराई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 में एक हजार से अधिक परिवारों को तीन माह तक नि:शुल्क सब्जियों का वितरण कर उन्होंने समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। श्रीश्रीश्री माणिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट से जुड़े रहकर उन्होंने अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया। सुदूर वनांचलों से आने वाले आदिवासी ग्रामीणों के लिए आयोजित नि:शुल्क शिव नारायण भोज कार्यक्रमों में उनकी भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही है। उनके प्रयासों से हजारों लोगों को भोजन, सेवा और आत्मीयता का अनुभव प्राप्त हुआ है।

### हार कर विजय हुए पी विजय

राजनीतिक जीवन में भी पी. विजय नायडू का योगदान उल्लेखनीय है। छात्र जीवन से ही वे सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वर्ष 1990 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय स्वयंसेवक तथा वर्ष 2005 से भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में वे राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2011 में गौ-ग्राम यात्रा के दौरान दंतेवाड़ा एवं सुकमा क्षेत्रों में वनवासी कल्याण से जुड़े कार्यों का सफल समन्वय किया। विश्व हिन्दू परिषद सुकमा जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष (2022-23) के रूप में भी उन्होंने संगठन को सशक्त दिशा प्रदान की और वर्तमान में जिला सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नगर पंचायत कोंटा के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद के रूप में भी उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान, विकास कार्यों की निगरानी तथा आमजन के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनकी कार्यशैली सदैव जनसंपर्क, जनसहयोग और जनसेवा पर आधारित रही है।

## नकली मंगलसूत्र वितरण गंभीर भ्रष्टाचार का प्रमाण

**घाटलोहंगा।** बस्तर विधानसभा विधायक लखेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखंड के चनवारीडांड में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहिताओं को वितरित किए गए कथित चांदी के मंगलसूत्रों के नकली पाए जाने के मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सम्मान और सहयोग के लिए बनाई गई थी, लेकिन इस योजना में भी भ्रष्टाचार और लापरवाही की पराकाष्ठा देखने को मिल रही है। 179 नवविवाहित जोड़ों को चांदी के नाम पर गिलट के मंगलसूत्र वितरित किए जाना न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है, बल्कि नवविवाहित बेटियों और उनके परिवारों के विश्वास के साथ खुला धोखा भी है। सरकार मंचों से महिला सम्मान और बेटियों के सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि गरीब परिवारों की बेटियों को नकली आभूषण थमा दिए गए।



## जुनावही प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

**बस्तर।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन आज संकुल फरसागुड़ा के प्राथमिक शाला जुनावहीं में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण और नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, गौरव कश्यप, पिंटू सांखला, तुलसु कश्यप की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील कुमार तिवारी, संकुल प्राचार्य विकास पाठक और संकुल समन्वयक मनीषा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एबीईओ ने किया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ बेहतर आधारभूत सुविधाएं देने से ग्रामीण बच्चों का भविष्य मजबूत होगा।



## विधायक ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत धर्माऊर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और उनकी शिक्षा में सहयोग करने की अपील की। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# प्रज्ञा दुबे ने बिखेरा लोक संस्कृति का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड

बस्तर अंचल की समृद्ध लोक कला और सांस्कृतिक विरासत ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आयोजित 71 वीं अखिल भारतीय नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत संगमपल्ली ग्राम की बेटी प्रज्ञा दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल बस्तर संभाग, जिला, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित हुआ है। ऑल इंडिया आर्टिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा शिमला के खूबसूरत वादियों में आयोजित इस 5 दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों कलाकारों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच पारंपरिक वेशभूषा और मनमोहक बस्तरिया लोक नृत्य शैली से सजी छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति ने दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया।

- 71 वीं अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में बीजापुर की बेटी को राज्यपाल ने किया सम्मानित

इसके मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता रहे। उन्होंने बस्तर की टीम की कला और ऊर्जा की सराहना करते हुए कलाकारों की जमकर हौसला अफजाई की और उन्हें विजेता ट्रॉफी से नवाजा।

### विजेता टीम में रहीं शामिल

राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर का डंका बजाने वाली इस प्रतिभावान टीम में पूनम भारती, रितु शोरी, रामेश्वरी कश्यप, संतोषी कश्यप, देवकी नेताम, प्रज्ञा दुबे, नीलावती भवानी और कृति मौर्य शामिल हैं। बस्तर की बेटियों की इस बड़ी सफलता पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिलेवासियों, लोककला प्रेमियों और बस्तर वासियों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिले में हर्ष का माहौल है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सरिता एलमा पति श्री सुखदेव राम एलमा जाति हल्बा, निवासी-ग्राम/पोस्ट कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव जिला बस्तर छ.ग. के नाम पर ग्राम छोटे बोदेनार प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. चित्रकोट तहसील बास्तानार, जिला बस्तर छ.ग. में खसरा नं. 1/2 रकबा 10.00 हे. एवं खसरा नं. 7/2 रकबा 2.02 हे., कुल रकबा 12.02 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि मेरे पक्षकार की स्वअर्जित सम्पति है एवं उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का स्वत्व एवं आधिपत्य है। मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त भूमि को विक्रय किया जाना है तथा विक्रय हेतु बातचीत हो चुकी है, केवल पंजीयन कराना शेष है।

उपरोक्तानुसार मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार एंव जानकारी के आधार पर आम सूचना इस आशय का प्रकाशित किया जा रहा है, कि मेरे पक्षकार के उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्ध-शासकीय संस्था या किसी अन्य वित्तीय संस्था या राष्ट्रीकृत बैंक या सहकारी बैंक को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारों सहित लिखित में दर्ज करा देवें। अन्यथा म्याद उपरांत की गई आपत्ति अमान्य मानी जायेगी। सूचना जाने।

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण को सूचित हो।

स्थान :- जगदलपुर
दिनांक : 16/06/2026

राहूल सिंह
अधिवक्ता
कार्यालय-गीदम रोड जगदलपुर
जिला बस्तर छ.ग.

# कैंसर जांच शिविर में 62 लोगों के टेस्ट में मिले चार मरीज, नौ संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग और बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आज धरमपुरा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ही लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की विशेषज्ञ जांच और सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराना था, जिसमें कैंसर रोगियों और संभावित मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं।

शिविर में अपनी सेवाएं देने के लिए बालको मेडिकल सेंटर से दो कैंसर रोग विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट) और छह पैरामेडिकल स्टाफ सहित एक आठ सदस्यीय विशेष टीम पहुंची थी।

## बालको की आधुनिक स्क्रीनिंग वैन, मुफ्त मैमोग्राफी और पेप स्मीयर से हुई कैंसर की जांच

### बीपी और शुगर की हुई सामान्य जांच

शिविर के दौरान केवल बीमारियों की पहचान ही नहीं की गई, बल्कि चिन्हित और संदिग्ध पाए गए सभी मरीजों की विशेषज्ञों और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष काउंसलिंग भी की गई। डॉक्टरों ने मरीजों को बीमारी से न घबराने की समझाइश देते हुए आगे के उन्नत इलाज के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही शिविर में आए अन्य आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच के तहत बीपी, शुगर और बीएमआई भी मापा गया।



### कैंसर का शुरुआती इलाज संभव

शिविर की सफलता पर संदेश देते हुए बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को अगर शुरुआती चरण में ही पहचान लिया जाए, तो इसका सफल इलाज पूरी तरह संभव है। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य यही था कि लोगों को उनके क्षेत्र में ही विशेषज्ञ जांच मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आज जो भी मरीज चिन्हित या संदिग्ध पाए गए हैं, उन्हें आगे के इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग शासन की योजनाओं के माध्यम से उनका निःशुल्क और उत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

यह टीम अपने साथ एक अत्याधुनिक चलित कैंसर स्क्रीनिंग वैन लेकर आई थी, जिसमें मैमोग्राफी मशीन की विशेष सुविधा उपलब्ध थी। इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिविर में पहुंचे मरीजों की बेहद उच्च स्तरीय और सघन जांच मौके पर ही सुनिश्चित की गई। दिनभर चले इस शिविर के दौरान कुल 62 मरीजों की मैमोग्राफी, पेप स्मीयर और ब्रश साइटोलॉजी जैसी जटिल जांचें की गईं। इन सघन जांच में स्तन कैंसर के दो मरीज, मुख कैंसर का एक मरीज, ब्लड कैंसर का एक मरीज तथा दो अन्य मरीज मिले। इसके अतिरिक्त प्रारंभिक जांच के आधार पर डॉक्टरों ने कुछ मरीजों में कैंसर के संभावित लक्षण भी पाए, जिन्हें विशेषज्ञ द्वारा संदिग्ध श्रेणी में रखा गया है। इन संदिग्ध मामलों में पेट कैंसर का एक और सर्वाइकल कैंसर के आठ मरीज शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### बिजली विभाग का घेराव आज

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर कल 17 जून को प्रातः 11:30 बजे सरकार के द्वारा बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि को लेकर बिजली विभाग का घेराव व पुतला दहन करेगा। जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने सभी कांग्रेसियों से गीदम रोड स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचने को कहा है।

### सोहराब खान और मोहम्मद इमरान को मिली कमान

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने जगदलपुर पूर्वी व पश्चिमी नगर मण्डल में अल्पसंख्यक मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें पूर्वी नगर मण्डल में अध्यक्ष सोहराब खान, उपाध्यक्ष मनोज सिसौदिया, सुखविंदर कौर, महामंत्री हरपिन्दर सिंह व अफसरी बेगम, मंत्री हिना खान, रोशनी नाग, रेशमा, कोषाध्यक्ष प्रीति कौर, कार्यालय मंत्री इस्लाम खान व सोशल मीडिया प्रभारी अख्तरी बेगम को नियुक्त किया गया है। वहीं पश्चिम नगर में अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, उपाध्यक्ष अहमद रजा, जुबैदा बेगम, मोहम्मद शमीम, महामंत्री सज्जाद खान राजू व सलीम खान, मंत्री कैयूम अली,नगमा खान,सायरा खान, कोषाध्यक्ष मुमताज खान, सह कोषाध्यक्ष दीपक कश्यप, कार्यालय मंत्री मुकेश भंसाली व सोशल मीडिया प्रभारी अयान अली को बनाया गया है।

### महापौर वायदे से मुकरे, शहर में समस्याओं का अंबार

**जगदलपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महापौर के द्वारा कांग्रेस शासन काल में बने वाटर एटीएम को बंद कर दिया गया है। साथ ही गोल बाजार, संजय बाजार, प्रतापगंज पारा, सदर वार्ड, ठाकुर रोड



व्यावसायिक क्षेत्र में चल रहे सार्वजनिक नलों को भी बंद कर दिया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आकर व्यापार करने वाले छोटे व्यापारियों, मजदूरों, हमालों व राहगीरों को जो सार्वजनिक नल का उपयोग करते थे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महापौर ने शहर वासियों से बड़े वादे बेहतर व्यवस्था देने किए थे। पिंक टॉयलेट, सार्वजनिक शौचालय, जल सुविधा, धूल मुक्त शहर, डोर टू डोर कचरा, चाक चौबंद, सफाई व्यवस्था डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को मजबूत करने की बात कही थी। परंतु महापौर ने ना तो पिंक टॉयलेट दिया ना शौचालय की व्यवस्था की ना ही पीने का शुद्धपेयजल की व्यवस्था किया ना डोर टू डोर कचरा संग्रहण ना ही साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त हुआ। बल्कि पूरे शहर को कबाड़ में तब्दील करके रख दिया गया हैं। उन्होंने महापौर पर शहर व्यवस्था में पूरी तरह असफल होने का आरोप लगाया है।

---

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तुरंत करें निपटारा, किसानों को समय पर मिले खाद

# स्कूलों के नोडल बनेंगे अफसर करेंगे नियमित निरीक्षण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, शिकायत निवारण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कार्यालय के

- समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति और शिकायतों के निराकरण पर जोर

प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को स्कूलों का नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है जो स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर संबंधित स्कूलों की नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1709 में विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया।

बैठक में कलेक्टर ने खाद भंडारण एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा ऋण सुविधा से जोड़ने के निर्देश दिए गए। खरीदी केंद्रों से धान के उठाव एवं संग्रहण केंद्रों के आंकड़ों के मिलान कर लंबित धान का शीघ्र निराकरण करने को कहा गया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं स्व-सहायता समूहों की सहभागिता बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिजली की शिकायतों का तत्काल करें निपटारा

कलेक्टर ने विद्युत व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक भूमि की मांग, स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की भर्ती तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत संचालित बैचों में प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बस्तर मुन्ने, नियद नेल्लानार, सुशासन तिहार एवं राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की गई।

### बस्तर को कुपोषण और टीबी मुक्त बनाने पर जोर

बैठक में कलेक्टर ने आधार अपडेट की समीक्षा, जनधन खाते, आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना तथा स्वस्थ बस्तर अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीबी मुक्त ग्राम अभियान में जांचों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्रयास करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पुनर्वासितों को लाभ देने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों का ई-केवायसी करवाने, मत्स्य पालन, पशुपालन के हितग्राहियों का किसान क्रेडिट कार्ड प्रकरणों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को वय वंदना कार्ड निर्माण के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने तथा आयुष्मान कार्ड का अस्पताल में ब्लॉकिंग करने के निर्देश दिए।

---

# मांगों के निराकरण के लिए होगी सकारात्मक पहल : किरण देव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल ने ग्राम पंचायत करणपुर एवं तितिरगांव में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित

- करणपुर एवं तितिरगांव के जन चौपाल में शामिल हुए विधायक

किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न मांगों एवं सुझावों पर चर्चा की।

उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं एवं मांगों के निराकरण के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

कार्यक्रम में नगरनार मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्रही, प्रदीप देवांगन, सुब्रतो विश्वास, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया, सीमांचल दास, मोहन सेठिया, लाला राम पटेल, सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बारिश में भी डटे रहे ग्रामीण

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, मूलभूत सुविधाओं तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। भारी बारिश में भी ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

---

# 15.50 करोड़ रुपए के धान नुकसान की निष्पक्ष जांच हो : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले के धान खरीदी एवं भंडारण केंद्रों में धान के समय पर उठाव नहीं होने के कारण लगभग 15.50 करोड़ का नुकसान तथा हजारों क्विंटल धान में शॉर्टेज चिंता की बात है। यह केवल वित्तीय नुकसान का मामला नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा तथा प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा विषय है।



- बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा कि नियमानुसार खरीदी के 72 घंटे के भीतर धान का उठाव अनिवार्य है। तो यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किन परिस्थितियों में लाखों क्विंटल धान महीनों तक केंद्रों में पड़ा रहा और इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा क्या निगरानी एवं कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह प्रशासन में केवल समिति कर्मचारियों अथवा निचले स्तर के कर्मचारियों पर संपूर्ण जिम्मेदारी डालकर मामले को समाप्त नहीं किया जा सकता। यदि करोड़ों रुपये के नुकसान की स्थिति उत्पन्न हुई है तो जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक संपूर्ण प्रशासनिक श्रृंखला की भूमिका की जांच आवश्यक है।

उन्होंने कहा किसानों की उपज की सुरक्षा सुनिश्चित करने में हुई विफलता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई इसका खुलासा किया जाए।

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने मांग की है जिसमें पूरे मामले की उच्च स्तरीय स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, धान परिवहन, उठाव, भंडारण एवं निगरानी प्रक्रिया की जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों, एजेंसियों एवं मिलर्स पर आर्थिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए, जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए।

---



# निजी शालाओं में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की सभी व्यवस्थाएं पूरी हो : यादव

**जगदलपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी बकावंड चंद्रशेखर यादव ने निजी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी शीघ्र पूर्ण किया जाए, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की जानकारी अद्यतन करें, प्रत्येक छात्र-छात्रा का शत-प्रतिशत अभिलेखीकरण सुनिश्चित करें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था एवं नियमित अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित किया जाए, उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति एवं आवश्यक रिकॉर्ड समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, शासन एवं विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है।

- बकावंड के बीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में दिए निर्देश

---

# पूरन अध्यक्ष तथा जगदू बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

इंद्रावती नदी के संरक्षण, जल-जंगल-जमीन की रक्षा तथा किसानों, ग्रामीणों और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की लड़ाई को अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समिति के संभागीय सचिव सुभाष कश्यप ने जारी प्रेस

- इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की घोषणा

विज्ञप्ति में घोषणा की। पूरन सिंह कश्यप को अध्यक्ष तथा जगदू राम कश्यप को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति ने विकासखंडों, तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों से सक्रिय सामाजिक कार्यकतार्ओं एवं जनप्रतिनिधियों को शामिल किया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर तोकापाल घाट धनोरा से गोवर्धन सेठिया, बस्तर भोंड से कृपालु कश्यप, लोहंडीगुड़ा चित्रकोट से घनश्याम मौर्य, बस्तर आड़ावाल से मनीराम बघेल, भानपुरी देवड़ा से यशवंत मौर्य, करपावंड सवरा से भुवनेश्वर कश्यप, जगदलपुर पामेला से अमीर कश्यप, बकावंड मालगांव) से भोलाराम नाग, बास्तानार पीरमेटा से विमल पांडे तथा दरभा डिलमिली से मनीराम मांडवी , नानगुर बड़े मुरमा मंधर कश्यप को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तोकापाल सिंघनपुर से कमल कश्यप को सह सचिव नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता सोनू कश्यप को विधिक सलाहकार का दायित्व सौंपा गया है। चित्रकोट लोहंडीगुड़ा से ललित चक्रधारी को मीडिया प्रभारी तथा तोकापाल सिंघनपुर से लुदरु राम मौर्य को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं बस्तर नारायणपाल से कमलोचन ठाकुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

### जनहित के मुद्दों को हल करेंगे

संभागीय अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते कहा कि इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति केवल नदी संरक्षण का आंदोलन नहीं, बल्कि बस्तर के जल, जंगल, जमीन, किसान, आदिवासी और ग्रामीण समाज के अधिकारों की सामूहिक आवाज है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाते हुए जनआंदोलन को नई दिशा प्रदान करने की अपेक्षा की है।

### इंद्रावती की रक्षा करेंगे

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी लगातार संकटों का सामना कर रही है। नदी, जंगल और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा तथा स्थानीय समुदायों को जोड़कर संरक्षण की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। इसके साथ ही किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भी संगठन सक्रिय भूमिका निभाएगा।

---

# नक्सल मामले में केंद्रीय जेल में 6 माह से बंद महिला बंदी को मिला कृत्रिम पैर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नक्सल मामले में परिरूद्ध महिला बंदी को अब आने जाने में परेशानी नहीं होगी। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जेल प्रशासन द्वारा कटे दाहिना पैर में कृत्रिम पैर लगा दिया गया है। पिछले छह माह से वह

- छह माह पहले लाया गया था केन्द्रीय जेल, तब से कटा हुआ था दाहिना पैर
- जल्द ही अन्य बंदियो को भी मिलेगा सरकारी योजना का लाभ

केन्द्रीय जेल में कटे पैर के साथ रह रही थी लेकिन अब कृत्रिम पैर लगने से वह अपने रोजमर्रा के कार्य आसानी से कर सकेगी। कृत्रिम पैर लगने के बाद उसने जेल प्रशासन का आभार माना है।

जानकारी के मुताबिक विचाराधीन नक्सली महिला बंदिनी गुज्जा सोढ़ी उर्फ गुजनी पिता पगलु उर्फ फगन 22 वर्ष, निवासी पंगुड, थाना मोदकपाल, जिला बीजापुर की मूल निवासी है। उसे धारा 03, 04 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार होने के बाद वह न्यायालय के आदेश पर उसे 25 नवम्बर 2025 से केन्द्रीय जेल जगदलपुर में परिरूद्ध है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक महिला बंदिनी गुज्जा सोढ़ी का दांया पैर जेल आने के पहले से कटा हुआ था। जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग के सहयोग से उसे सोमवार को कृत्रिम पैर प्रदान किया गया। कृत्रिम पैर लगने के बाद महिला बंदी ने जेल प्रशासन का आभार मानते हुए कहा कि वह अब रोजमर्रा के कार्य आसानी से कर सकेगी।



### जेल प्रशासन हमेशा तत्पर

जरूरतमंद बंदियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने जेल प्रशासन हमेशा तत्पर है। आगे भी ऐसे जरूरतमंद बंदियो को शासन की योजना का लाभ दिलाते हुए हर सभंव मदद की जाएगी।

**अक्षय तिवारी**, जेल अधीक्षक

---

## मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों की हुई सफल रिवर्स नसबंदी

# पुनर्वासित युवाओं को मिला पिता बनने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग में मुख्यधारा में लौट रहे पुनर्वासित लाभार्थियों को एक सामान्य और खुशहाल पारिवारिक जीवन प्रदान करने की दिशा में बस्तर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा एक ऐतिहासिक और मानवीय पहल की गई है। दीर्घकालिक हिंसा से पीड़ित और सक्रिय रहने के दौरान जिन पुरुषों को संगठन के दबाव में जबरन नसबंदी का शिकार होना पड़ा था। उन्हें पुनः संतान सुख का अधिकार दिलाने के लिए जगदलपुर के ऐतिहासिक महारानी अस्पताल में एक विशेष निःशुल्क रिवर्स वासेक्टॉमी, रीकैनालाइजेशन सर्जिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह अनूठा चिकित्सा शिविर बस्तर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान तथा यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (वेस्ट

- लाखों का ऑपरेशन महारानी अस्पताल में हुआ बिल्कुल मुफ्त



जोन) के देश के शीर्ष विशेषज्ञ सर्जनों के तकनीकी सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कैंप में सेवाएं देने वाले देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राजेश कुकरेजा (अध्यक्ष, यूरोलॉजिकल सोसाइटी इंदौर), डॉ. निनाद तांबोली मुंबई, डॉ. पार्थ मानेक मुंबई, डॉ. सागर भालेराव पुणे, डॉ. अभिषेक भालेराव नांदेड़, डॉ. राहुल पाटिल पुणे, डॉ. राहुल कपूर रायपुर एवं डॉ. घनश्याम हटवार रायपुर रहे। शिविर की शुरूआत में यूरोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुकरेजा ने इस सर्जरी की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह एक अत्यंत सूक्ष्म और जटिल माइक्रोसर्जरी है, जिसका सक्सेस रेट (सफलता दर) आमतौर पर बहुत कम होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में बस्तर के सुदूर क्षेत्रों में इतने बड़े पैमाने पर दो चरणों में 73 सफल ऑपरेशन्स करना चिकित्सा विज्ञान और सेवाओ का एक अद्भुत और ऐतिहासिक उदाहरण है।

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने इस पुनीत कार्य में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सभी प्रशासनिक अधिकारियों, देश के कोने-कोने से आए मेहमान डॉक्टरों, स्थानीय पैरामेडिकल स्टाफ और पुलिस विभाग का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पहले भी गूंज चुकी हैं किलकारियां

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास बस्तर में नया नहीं है। इससे पहले भी किए गए ऐसे सर्जिकल प्रयासों के सफल परिणाम आए हैं और कई आत्मसमर्पित परिवारों के घरों में नन्ही किलकारियां गूंज चुकी हैं, जिससे उन्हें अपना परिवार आगे बढ़ाने का सौभाग्य मिला है। इसके साथ ही आईजी सर ने बस्तर संभाग की ओर से सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों और सहायक स्टाफ का आभार व्यक्त किया और मेहमान डॉक्टरों को बस्तर की समृद्ध पर्यटन विरासत से भी संक्षेप में अवगत कराया। एसपी शलभ सिन्हा ने इस कैंप की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए एक बेहद भावुक करने वाली सफलता की कहानी साझा की।

### विशेषज्ञ सर्जनों का सम्मान

आईजी बस्तर और महारानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा आए हुए सभी विशेषज्ञ सर्जनों को बस्तर की अनूठी कला और संस्कृति से जुड़े विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कर्मचारियों का सम्मानः महारानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और योगदान देने वाले सभी जमीनी कार्यकतार्ओं व स्टाफ को इस ऐतिहासिक कैंप की स्मृति में मोमेंटो प्रदान किया गया।